प्रेषक,

अबुल कैश,
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोर्ट नं0–11,
हरदोई।

सेवा में,

श्रीमान महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद,
लखनऊ।

द्वारा,

श्रीमान जनपद न्यायाधीश,
हरदोई।

विषय– आवास क्रय करने की अनुमति के संबंध में –

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 18.04.2022 को आवास क्रय करने की अनुमति के संबंध में प्रार्थनापत्र प्रेषित किया गया था, जिसके सबंध में माननीय न्यायालय द्वारा मुझसे बचत खाता तथा पी0पी0एफ0 खाता की कम से कम विगत 6 माह के विवरण की प्रति मांगी गयी है। उक्त आदेश के अनुपालन में प्रार्थी के बचत खाता सं0–30793978028 भारतीय स्टेट बैंक, हरदोई का दिनांक 01.10.2021 से दिनांक 21.04.2022 तक का विवरण संलग्न है। प्रार्थी का पी0पी0एफ0 खाता सं0–31299029267 वर्ष 2021 में परिपक्व हो चुका है। उक्त पी0पी0एफ0 खाते का दिनांक 01.10.2021 से दिनांक 21.04.2022 तक का विवरण संलग्न किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि उक्त पी0पी0एफ0 खाते में प्रार्थी द्वारा विगत वित्तीय वर्ष में कोई भी धनराशि जमा नहीं की गयी है, केवल बैंक द्वारा ब्याज क्रेडिट किया गया है। सूचना माननीय महोदय की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

अतः माननीय महोदय से विनम्र प्रार्थना है कि माननीय उच्च न्यायालय से शीघ्रातिशीघ्र आवास क्रय करने की अनुमति प्रदान कराने की कृपा करें।

सादर,

भवदीय,

22.4.22
(अबुल कैश)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोर्ट नं0–11,
हरदोई

दि0– 22.04.2022

संलग्नक
बचत खाता तथा पी0पी0एफ0 खाता का विगत 6 माह का विवरण।